# 100 आंगनवाड़ी केंद्र समय से पहले पूरे

## पीएम-जनमन योजना के क्रियान्वयन में मप्र देश में अव्वल

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 सितंबर. प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान पीएम-जनमन के तहत मप्र ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है.**

प्रदेश में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया समुदाय के लिये स्वीकृत 217 आंगनवाड़ी भवनों में से 100 भवनों का तय समय-सीमा से पहले निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है. इस उपलब्धि के साथ मध्यप्रदेश योजना के क्रियान्वयन में देश का अग्रणी राज्य बन गया है.



निर्धारित लक्ष्य की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए प्रथम चरण में बड़ी प्रगति दर्ज करते हुए शेष 117 आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण 31 मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा. भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 से 2026 के बीच संचालित बहुउद्देशीय पीएम-जनमन अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों बैगा, भारिया और सहरिया समुदायों को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं से जोड़ना है. इस अभियान में नये आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण, पक्के भवनों की व्यवस्था और पूरक पोषण आहार का नियमित प्रदाय सुनिश्चित किया जा रहा है. इन आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा एवं पोषण मिलेगा, साथ ही जनजातीय समुदायों के समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलेगा.

### जिलेवार निर्माण और निवेश

शिवपुरी जिले में 39, श्योपुर में 37, शहडोल में 29, उमरिया में 23, गुना में 14, डिंडौरी में 12, अशोकनगर में 11, अनूपपुर में 7, मंडला एवं दतिया में 6-6, विदिशा, बालाघाट, ग्वालियर एवं सीधी में 5-5, जबलपुर एवं छिंदवाड़ा में 4-4, मुरैना में 2 तथा कटनी, भिंड और रायसेन में 1-1 आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत किए गए हैं. प्रत्येक भवन पर लगभग 12 लाख रुपये का व्यय किया जा रहा है.

> यह पहल जनजातीय बहुल इलाकों में नई उम्मीद और बदलाव की शुरुआत है. आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण केवल भौतिक संरचना नहीं बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास का मजबूत आधार भी है. इनके माध्यम से जहां बच्चों को बेहतर पोषण और शिक्षा उपलब्ध होगी, वहीं महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा.



## सिद्ध वट पर तर्पण के लिए जगह-जगह से आ रहे लोग

**उज्जैन.** श्राद्ध पक्ष में आज बुधवार को तृतीया तिथि का श्राद्ध किया गया. दोपहर बाद चतुर्थी तिथि लगी इसलिए इस दिन पितरों के साथ गणेश जी की पूजा का पुण्य आशीर्वाद मिला है. क्योंकि इस दिन बुधवार का संयोग था है. सुबह से दोपहर तक पितरों के निमित्त धूप-ध्यान कर ब्राह्मण भोजन आदि कराए. वहीं महिलाएं व्रत आदि रखकर शाम को गणेश जी की पूजा कर चंद्रमा के दर्शन किए. सिद्ध वट पर भी तर्पण के लिए लोग जगह-जगह से आए रहे हैं.

## एक नजर में

### विक्रम विवि का नाम होगा सम्राट विक्रमादित्य

**उज्जैन.** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर राज्य के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक उज्जैन स्थित विक्रम विश्वविद्यालय का नाम अब सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह परिवर्तन मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 2025 के तहत किया गया है। नाम परिवर्तन के बाद विश्वविद्यालय से जुड़े सभी दस्तावेजों, अधिसूचनाओं, नियमों और उपाधियों में विक्रम विश्वविद्यालय के स्थान पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का उल्लेख किया जाएगा। यह संशोधन मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि 08 सितंबर 2025 से प्रभावी हो गया है.

### पीएम मोदी 17 सितंबर को मध्य प्रदेश दौरे पर

**भोपाल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को धार जिले के भेंसोला गांव में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास करेंगे। यह उद्घाटन प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के अवसर पर किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य में टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूत करना और रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। प्रधानमंत्री इस अवसर पर स्वस्थ महिला, सशक्त परिवार अभियान और सेवा पखवाड़ा की भी शुरुआत करेंगे, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस पार्क से मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था और किसानों व आदिवासी समुदायों के लिए लाभ होगा।

# फार्मेसी पंजीयन पूरी तरह होगी ऑनलाइन

### मध्यप्रदेश स्टेट फार्मेसी परिषद की बैठक संपन्न

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 10 सितम्बर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अब ऑनलाइन प्रणाली से घर बैठे पंजीयन प्रमाणपत्र मेल और डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध होंगे. इससे पंजीयन प्रक्रिया सुव्यवस्थित हुई है और लंबित मामलों का निपटारा तेजी से किया जा रहा है.**

उन्होंने कहा कि लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के आवेदन अपूर्ण हैं, जिन्हें समय पर पूरा करवाना आवश्यक है. प्राइवेट विश्व विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की जिम्मेदारी है कि वे सभी विद्यार्थियों की सही जानकारी उपलब्ध कराएँ. यदि गलती छात्रों की है तो उन्हें सुधार हेतु सूचित किया जाए और यदि संस्थान की लापरवाही है तो मान्यता एवं एफिलिएशन पर कार्रवाई करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल होटल पलाश भोपाल में मध्यप्रदेश स्टेट फार्मेसी परिषद की बैठक में शामिल हुए.



### स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं नर्सिंग स्टाफ

शुक्ल ने कहा कि फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टाफ राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं. विकसित और स्वस्थ भारत के लिए गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है. बैठक में जून से अगस्त 2025 तक की कार्यप्रगति की समीक्षा की गई। इसमें 3500 से अधिक नए पंजीयन सफलतापूर्वक पूर्ण हुए, 5800 आवेदन प्रक्रिया में लंबित रहे तथा 1650 आवेदन निजी विश्वविद्यालयों की सूची उपलब्ध न होने के कारण शेष रहे। बताया गया कि संपूर्ण कार्यप्रणाली को अब डिजिटल मोड पर स्थानांतरित कर दिया गया है.

# मानव अधिकार आयोग ने 5 मामलों पर लिया संज्ञान

## जिलों से मांगी रिपोर्ट

**भोपाल, 10 सितम्बर. मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार टंडन ने हाल ही में समाचार पत्रों में प्रकाशित विभिन्न घटनाओं को प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन मानते हुए पांच गंभीर मामलों में संज्ञान लिया है.**

आयोग ने संबंधित जिलों के अधिकारियों से विस्तृत जांच कराकर एक माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने दतिया जिले में जंगली सुअर के हमले से किसान की मौत पर संज्ञान लिया. दतिया जिले में बस्सी पंचायत के डोलिया गांव में रात के समय फसलों की रखवाली कर रहे किसान पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया, जिससे किसान की मौत हो गई थी. इस पर आयोग ने जिला वन अधिकारी, दतिया से जांच प्रतिवेदन मांगा है. वही खरगोन जिले में पुलिया न होने से बच्चों की जान जोखिम में होने के मामले में संज्ञान लिया है. खरगोन जिले में महेश्वर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम मनावर में पुलिया न होने के कारण ग्रामीणों व बच्चों को नदी पार करनी पड़ती है. बरसात में तेज बहाव से उनकी जान पर खतरा मंडराता है. छोटे बच्चे घुटनों तक पानी पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं. इस मामले पर आयोग ने कलेक्टर, खरगोन से जांच रिपोर्ट तलब की है. जबकि धार जिले में केमिकल टैंक में तीन श्रमिकों की मौत के मामले में संज्ञान लेते हुए आयोग ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, धार से जांच कराकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं. धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की एक ऑयल कंपनी में सफाई के दौरान टैंक में जहरीली गैस बनने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई.

श्रमिक बेहोश होकर टैंक में गिर पड़े और उनकी मृत्यु हो गई. तो दतिया में सर्पदंश से पिता-पुत्री की मौत को मानवाधिकार का मामला मानते हुए इस पर भी संज्ञान लिया है. दतिया जिले के सेवढ़ा क्षेत्र के ग्राम मदनपुरा में सांप के काटने से एक ही परिवार के पिता-पुत्री की मौत हो गई थी.

> इसी के साथ नीमच जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान किशोर की मौत पर भी संज्ञान लिया है. नीमच जिले के जावद के समीप ग्राम बरखेड़ा कामलिया में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई. ग्रामीणों ने दो बच्चों को बचा लिया, लेकिन तीसरे बच्चे को नहीं बचाया जा सका. आयोग ने कलेक्टर, नीमच से जांच कराकर शासकीय सहायता देने संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है. आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की घटनाओं में पीड़ितों और उनके परिजनों को न्याय दिलाने तथा भविष्य में ऐसी त्रासदियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही तय की जाएगी.



# पटरी से उतरी मालगाड़ी सुधारने के बाद यातायात फिर शुरू

**खंडवा, 10 सितंबर. खंडवा रेलवे जंक्शन पर भुसावल से इटारसी की ओर जा रही मालगाड़ी के 2 डिब्बे के पहिए पटरी से उतर गए. सूचना मिलते ही रेलवे की टीम मौके पर पहुंची और ट्रैक को दुरुस्त कर दिया.**

बताते हैं कि कुछ देर के लिए रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। यात्री ट्रेनों को भी रोका गया। बाद में सब कुछ दुरस्त हो गया. खंडवा से इटारसी और भुसावल दोनों तरफ के ट्रैक महत्वपूर्ण हैं. सीधे मुंबई और दिल्ली व अन्य बड़े शहरों से जुड़ाव है. मशक्कत के बाद देर रात पहिए पटरी पर चढ़ाए जा सके।. घटना मंगलवार रात 9.30 बजे बाद की बताई जा रही है. कब्रिस्तान रोड रेलवे केबिन के पास 2 बोगियों के पहिए पटरी से उतर गए.

# भोपाल मंडल से गुजरेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

## नवबंर महीने तक मिलेगी रेल यात्रियों को सुविधा

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 10 सितम्बर. रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा को लेकर अलग-अलग रूटों पर पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है. विशेष किराये पर संचालित होने वाली स्पेशल ट्रेनें भोपाल मंडल के स्टेशनों से होकर गुजरेगी.**

गाड़ी संख्या 09619 अजमेर-रांची साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 26 सितबंर से 28 नवबंर तक प्रत्येक शुक्रवार को रात्रि 23:05 बजे अजमेर स्टेशन से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन रविवार को सुबह 07:30 बजे रांची स्टेशन पहुँचेगी. गाड़ी संख्या 09620 रांची-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 28 सितबंर से 30 नवबंर तक प्रत्येक रविवार को सुबह 09:15 बजे राँची स्टेशन से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सोमवार सायं 18:35 बजे अजमेर स्टेशन पहुंचेगी. यह ट्रेन 10- 10 ट्रिप में चलेगी.



> गाड़ी संख्या 04715 बीकानेर-साईनगर शिर्डी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 27 सितबंर से 29 नवबंर तक प्रत्येक शनिवार को दोपहर 13:30 बजे बीकानेर से प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन रविवार रात 19:00 बजे साईनगर शिर्डी पहुंचेगी. गाड़ी संख्या 04716 साईनगर शिर्डी-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 28 सितबंर से 30 नवबंर तक प्रत्येक रविवार को सायं 19:35 बजे साईनगर शिर्डी से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन प्रात :05:00 बजे बीकानेर पहुंचेगी. यह ट्रेन 10- 10 ट्रिप में चलेगी.

# आज मिलेगी 7832 विद्यार्थियों को नि :शुल्क स्कूटी

- कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में होगा कार्यक्रम

**भोपाल, 10 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूलों की 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले 7832 विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी प्रदाय योजना के तहत राशि प्रदान करेंगे.**

कार्यक्रम का आयोजन 11 सितम्बर गुरूवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में प्रातः 11 बजे से होगा. प्रदेश मे नि:शुल्क ई-स्कूटी/आईसीईएस योजना शैक्षणिक सत्र 2022-23 से संचालित की जा रही हैं. इस योजना के तहत ऐसे छात्र-छात्राऐं पात्र होते हैं जिन्होंने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी शाला में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री कक्षा 12वीं में समस्त संकाय को शामिल कर अपनी शाला में नियमित परीक्षार्थी के रूप में टॉप किया हो. बालिका विद्यालय की दशा में स्कूल की टॉपर एक बालिका को, बालक विद्यालय होने की दशा में एक टॉपर बालक को एवं को-एड स्कूल जिसमें बालक बालिकाएं दोनों अध्ययनरत हों की दशा में स्कूल की एक टॉपर बालिका एवं एक टॉपर बालक अर्थात एक स्कूल से दो विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान किए जाने का प्रावधान है. वर्ष 2024-25 के लिए 12वीं की परीक्षा में 7,832 स्कूल टॉपर्स विद्यार्थियों को स्कूटी राशि प्रदान की जायेगी. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समग्र शिक्षा की सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना अंतर्गत वर्ष 2025 में कक्षा 7वीं से 12वीं की 20 लाख 37 हजार 439 बालिकाओं को लगभग 61 करोड़ रूपये डीबीटी द्वारा बालिकाओं के बैंक खाते में अंतरित करेंगे. इस योजना के तहत शासकीय विद्यालयों की कक्षा सातवीं से 12वीं तक अध्ययनरत बालिकाओं को स्वास्थ्य स्वच्छता के लिये300 रूपये की राशि प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है.

### 20 हजार बालिकाओं के बैंक खातों में 7 करोड का स्टायपंड

### बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य स्वच्छता की वृतिका राशि

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समग्र शिक्षा की सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना अंतर्गत वर्ष 2025 में कक्षा 7वीं से 12वीं की 20 लाख 37 हजार 439 बालिकाओं को लगभग 61 करोड़ रूपये डीबीटी द्वारा बालिकाओं के बैंक खाते में अंतरित करेंगे. इस योजना के तहत शासकीय विद्यालयों की कक्षा सातवीं से 12वीं तक अध्ययनरत बालिकाओं को स्वास्थ्य स्वच्छता के लिये300 रूपये की राशि प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है.

# विस अध्यक्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में व्याख्यान देंगे

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 सितंबर. बैंगलुरु में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे 11 वां सीपीए यानी राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, भारत क्षेत्र सम्मेलन में मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा: जनविश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम, विषय पर व्याख्यान देंगे.**

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला गुरुवार को बेंगलुरु स्थित विधान सौध में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के 11वें सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे. विधान सौध में आयोजित किए जा रहे सम्मेलन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के सभापतियों/अध्यक्षों सहित पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे. विदेशी संसदों के पीठासीन अधिकारियों के साथ-साथ राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के अध्यक्ष और महासचिव को भी सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है. सम्मेलन में मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव ए.पी.सिंह एवं सचिव अरविंद शर्मा भी शामिल होंगे.

- ओम बिरला करेंगे राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के 11वें सम्मेलन का उद्घाटन

# अशोकनगर सहित कई जिलों में मूसलाधार बारिश

## मौसम विभाग ने किया अलर्ट, येलो अलर्ट जारी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 10 सितम्बर. मप्र के जिलों में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, मंडला, बालाघाट, अशोक नगर, शिवपुरी, धार, खरगौन, धार सहित जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है.**

इन जिलों में तेज हवाओं के चलने के साथ ही भारी बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही प्रदेश के ग्वालियर, नीमच, खंड़वा, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंदसौर सहित जिलों में गुरूवार को तेज बारिश के आसार बने हुए हैं. अब तक हुई बारिश के दौरान कई जिलों के क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मानसून ट्रफ़ माध्य समुद्र तल पर दक्षिण-पूर्व पाकिस्तान पर बने अवदाब के केंद्र से, जोधपुर, देवमाली, बाराबंकी, छपरा, पुरुलिया, दीघा से होकर पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है.



> उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 4.5 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है. इसके साथ ही अवदाब (डिप्रेशन) दक्षिण-पूर्व पाकिस्तान में अक्षांश 25.3ए उत्तर और देशांतर 68.4ए पूर्व के पास, हैदराबाद के दक्षिण में, सकरंद से 20 किमी उत्तर-पूर्व में, बादिन से 90 किमी उत्तर-पश्चिम में और भुज-रुद्रमाता से 270 किमी उत्तर-उत्तर-पश्चिम में अवस्थित है.

**व्याख्यान** | ब्यावरा आएंगे राष्ट्रीय- अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त लब्ध प्रतिष्ठित पर्यावरणविद

# 'विचार मंथन' में दिखता है श्रोता-वक्ता का अद्भुत तादात्म्य

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 10 सितम्बर. नवभारत का सतत् 26 वां सौपान श्रोताओं को उत्साहित किये हुए है. इस वर्ष पहली बार प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े विषय पर विचार मंथन होने जा रहा है. इस विषय पर अपना व्याख्यान देने के लिये राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त लब्ध प्रतिष्ठित पर्यावरणविदों का ब्यावरा आगमन हो रहा है.**

'विचार मंथन' के रूचिकर आयोजन से श्रोताओं का एक ऐसा समूह तैयार हुआ है जो विद्वान वक्ताओं के विचारों को सुनने से वंचित नहीं रहना चाहता है. श्रोता देश और दुनिया में चल रहे नये विचारों , तथ्यों से अवगत होता है जो छोटे क्षेत्र में रहते हुए कई बार प्राप्त नहीं होते है. सामयिक विषयों पर वक्ताओं का लंबा अनुभव और गहन अध्ययन का जो सार निकलकर आता है वह स्थानीय श्रोताओं को अमृत वचन के रूप में मिलता है. जिले के श्रोताओं के जेहन में यह आयोजन वर्षभर बना रहता है. इस वर्ष प्रकृति पर आधारित विषय और मुख्य वक्ता के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध पर्यावरणविद् 'जलपुरुष' डॉ राजेन्द्र सिंह के साथ ही तीन अन्य विद्वान वक्ता वरिष्ठ पत्रकार ह्रदयेश जोशी नई दिल्ली, पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद (सतना) मप्र, वरिष्ठ पत्रकार जय नागड़ा खण्डवा के आगमन की खबर से परंपरागत श्रोताओं में उत्साह का वातावरण है. 'विचार मंथन' के दौरान यह रोचक तथ्य भी देखने को मिलता है कि श्रोता और वक्ता के बीच इस प्रकार का अद्भुत तादात्म्य बन जाता है कि एक सुनाना चाहता है और दूसरा सुनने के लिये पूरे मनोयोग से सामने बैठा होता है.



### नवभारत के प्रबंध संपादक सुमीत माहेश्वरी सहित जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद

विचार मंथन का यह आयोजन नवभारत के संचालक और प्रबंध संपादक श्री सुमीत माहेश्वरी के सानिध्य में होगा. इस अवसर पर अतिथि के रूप में क्षेत्र के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. इनमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार द्वय सर्व श्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायकगण मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी, अमरसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर शामिल है. काव्य निशा का आयोजन रात्रि 8 बजे होगा जिसमें अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, नपाध्यक्ष श्री मती लीला-फूलङ्क्षसह कुशवाह और जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधा-जगदीश गुर्जर उपस्थित रहेंगी.

# कर्ज़ के दलदल में धकेल रही भाजपा सरकार

## वित्तीय अनुशासन की पूरी तरह से धज्जियाँ उड़ाई : पटवारी

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 10 सितम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उसने वित्तीय अनुशासन की पूरी तरह से धज्जियाँ उड़ाकर प्रदेश को कर्ज़ के गहरे संकट में धकेल दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को अब केवल ब्याज चुकाने के लिए भी नए कर्ज़ लेने पड़ रहे हैं.**

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 तक प्रदेश का कुल कर्ज़ ?3.75 लाख करोड़ था, जो मार्च 2025 में बढ़कर ?4.21 लाख करोड़ हो गया. जुलाई 2025 तक लगातार नए ऋण लेने से यह बढ़कर ?4.35 लाख करोड़ पहुँच गया.

पटवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगभग 4 लाख करोड़ का कर्ज़ छोड़कर गए और अब मुख्यमंत्री मोहन यादव भी हर महीने नया कर्ज़ ले रहे हैं. वर्तमान कर्ज़ पर सालाना ब्याज भुगतान लगभग 29,700 करोड़ है. पटवारी का कहना है कि भाजपा की गलत नीतियों ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ तोड़ दी है और सरकार कर्ज़ लेकर कर्ज़ चुकाने की स्थिति में पहुँच गई है. लगभग 8 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में हर नागरिक पर औसतन 54,375 का कर्ज़ है.

### 162 दिनों में 25,000 करोड़ का कर्ज़

पटवारी ने बताया कि अप्रैल से सितम्बर 2025 तक भाजपा सरकार ने 162 दिनों में ही 25,000 करोड़ से अधिक कर्ज़ ले लिया। यानी औसतन प्रतिदिन 154 करोड़ और प्रति सप्ताह 1,078 करोड़ का कर्ज़।

